Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सीईएन - 05/25 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 05/25 - JE, DMS, CMA

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/02/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB JE DMS CMA |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB JE DMS CMA**

**Q.1** कौन-सा गुण बताता है कि जब एक किरण पुंज एक वास्तविक विलयन (True solution) से गुजरती है तो प्रकाश का मार्ग क्यों दिखाई नहीं देता है?

**Ans**
✗ 1. कण विलायक अणुओं से भारी होते हैं।
✓ 2. कण एक नैनोमीटर से छोटे होते हैं।
✗ 3. स्थिर रहने पर कण नीचे बैठ जाते हैं।
✗ 4. कणों को निस्यंदन द्वारा हटाया जा सकता है।

**Q.2** एक मीनार के आधार से 20 मीटर की दूरी पर खड़ा एक व्यक्ति देखता है कि मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है। मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)

**Ans**
✓ 1. 34.64 m
✗ 2. 38.38 m
✗ 3. 36.67 m
✗ 4. 32.60 m

**Q.3** मार्च के महीने में, शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा कारों की औसत बिक्री प्रतिदिन 151 है। रविवार को कारों की औसत दैनिक बिक्री 129 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 148 है, तो शनिवार को कारों की औसत दैनिक बिक्री कितनी है?

**Ans**
✓ 1. 150
✗ 2. 153
✗ 3. 155
✗ 4. 145

**Q.4** पौधों को पोषक तत्व उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के आधार पर, रासायनिक उर्वरकों और खादों के बीच मुख्य अंतर क्या है?

**Ans**
✗ 1. रासायनिक उर्वरक, जैविक गतिविधि को बढ़ाते हैं।
✗ 2. खादों में पोषक तत्वों की सांद्रता अधिक और परिवर्तनशीलता कम होती है।
✓ 3. खाद धीरे-धीरे पोषक तत्व मुक्त करती है।
✗ 4. पारंपरिक रासायनिक उर्वरक धीरे-धीरे पोषक तत्व मुक्त करते हैं।

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.5** संसदीय समितियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
✔ 1. स्थायी समितियों का समय-समय पर पुनर्गठन किया जाता है और वे स्थायी होती हैं।
✘ 2. संसदीय समितियाँ अस्थायी नहीं होतीं।
✘ 3. तदर्थ समितियाँ स्थायी प्रकृति की होती हैं।
✘ 4. सभी संसदीय समितियाँ स्थायी होती हैं।

**Q.6** गंगा नदी को साफ करने के लिए 'नमामि गंगे कार्यक्रम' कब आरंभ किया गया था?

Ans
✘ 1. 2015
✔ 2. 2014
✘ 3. 2020
✘ 4. 2017

**Q.7** एक छोटे बच्चे की अलग-अलग आँखों में निकट-दृष्टि दोष और दीर्घ-दृष्टि दोष दोनों का पता चलता है। सबसे उपयुक्त सुधारात्मक दृष्टिकोण क्या है?

Ans
✘ 1. दोनों आँखों में द्वि-फोकसी लेंस का उपयोग करना
✘ 2. दोनों आँखों में बेलनाकार लेंस का उपयोग करना
✘ 3. दोनों आँखों के लिए समान उत्तल लेंस प्रदान करना
✔ 4. प्रत्येक आँख के लिए अलग-अलग लेंस वाले चश्मे प्रदान करना (एक के लिए अवतल, दूसरे के लिए उत्तल)

**Q.8** सरल कीजिए : $\frac{\sqrt[3]{5832}}{\sqrt[4]{1296}} \times \frac{3}{54} \times 168$

Ans
✘ 1. 25
✘ 2. 36
✘ 3. 18
✔ 4. 28

**Q.9** एक आयताकार मैदान की लंबाई, उसकी चौड़ाई से 21 m अधिक है। इसका क्षेत्रफल 31,042 $m^2$ है। इसकी चौड़ाई (m में) कितनी है?

Ans
✘ 1. 151
✔ 2. 166
✘ 3. 161
✘ 4. 182

**Q.10** 10, 12, 9, 8, 21 का मानक विचलन (दो दशमलव स्थानों तक सही) ________ है।

Ans
✘ 1. 4.59
✔ 2. 4.69
✘ 3. 4.79
✘ 4. 4.89

**Q.11** छः दोस्त O, P, Q, G, H और I, एक ही इमारत की छः अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 और इसी क्रम में आगे की भी मंजिल को सबसे ऊपरी मंजिल तक क्रमांकित किया गया है। सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है।
Q के ऊपर केवल एक दोस्त रहता है। P एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है लेकिन मंजिल क्रमांक 4 पर नहीं। P और H के बीच में केवल दो दोस्त रहते हैं। Q और I के बीच में केवल दो दोस्त रहते हैं। Q के ठीक नीचे O रहता है।
G और O के बीच में कितने दोस्त रहते हैं?

Ans
✘ 1. एक
✘ 2. एक भी नहीं
✘ 3. तीन
✔ 4. दो

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.12 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 5, 6, 3 और 4 से भाग देने पर शेषफल 2 प्राप्त होता है, लेकिन उस संख्या को 7 से भाग देने पर कोई शेषफल प्राप्त नहीं होता है।

Ans
1. 147
2. 182
3. 168
4. 198

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-से अक्षर-समूह # और % के स्थान पर आने चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच वही पैटर्न और संबंध हो जो :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच है?

**# : ORM :: MPK : %**

Ans
1. # = QTO, % = KNI
2. # = TTO, % = KMK
3. # = MKO, % = KNI
4. # = QTO, % = KPY

Q.14 यदि 7 : 21 :: 2.2 : x और 7 : 49 :: 9 : y है, तो x और y का अनुपात क्या है?

Ans
1. 15 : 115
2. 9 : 106
3. 11 : 105
4. 12 : 103

Q.15 एक शिविर में 51 व्यक्तियों के लिए 12 दिनों के राशन की व्यवस्था है। यदि व्यक्तियों की संख्या बढ़ाकर 102 कर दी जाए, तो वही राशन कितने दिनों तक चलेगा?

Ans
1. 9
2. 5
3. 4
4. 6

Q.16 मान लीजिए एक छात्र एक मनोरंजन पार्क झूले का डिज़ाइन तैयार करना चाहता है जो सवारियों को एक समान चाल से एक वृत्त में घुमाए। छात्र को यह सुनिश्चित करने के लिए कौन-सी अवधारणा लागू करनी होगी कि वृत्तीय गति के दौरान सवारियां अपनी सीटों पर सुरक्षित रहें?

Ans
1. सवारियों को अपनी सीटों पर बांधे रखने के लिए केवल गुरुत्वाकर्षण ही पर्याप्त है।
2. सवारियों को उनकी सीटों से बांधे रखने के लिए एक नियत बाह्य बल लगाना होगा।
3. सवारियों को एक समान वृत्तीय गति में बनाए रखने के लिए उन पर एक नियत आंतरिक (अभिकेंद्र) बल लगाना होगा।
4. यादृच्छिक रूप से चाल बढ़ाने से वे सुरक्षित रहेंगे।

Q.17 इस प्रश्न में, नीचे दिए गए कूट और शर्तों के आधार पर संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को अक्षरों में कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का पालन करने वाला सही कूट संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो तालिका में दिए गए संबंधित संख्या/प्रतीक के कूट का सीधे उपयोग करें।

| संख्या/प्रतीक | 7 | $ | 8 | 6 | & | # | 3 | + | 5 | 4 | 2 | 9 | @ | * |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | A | E | R | T | H | U | K | L | P | Z | C | V | N | Q |

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट को आपस में बदला जाना है।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
7 4 9 @ $

Ans
1. E Z Z N E
2. A Z Z N E
3. A Z Z R E
4. A V Z N E

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सभी संतृप्त हाइड्रोकार्बन के लिए सही है?

Ans
✗ 1. इनमें कम से कम एक द्वि-आबंध होता है।
✓ 2. वे योगज अभिक्रियाओं की अपेक्षा प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ प्रदर्शित करते हैं।
✗ 3. त्रि-आबंध के कारण वे सामान्यतः अत्यधिक अभिक्रियाशील होते हैं।
✗ 4. वे सरलतापूर्वक योगज अभिक्रिया कर लेते हैं।

Q.19 जब एक ध्वनि तरंग वायु से जल में प्रवेश करती है, तो सीमा पार करते समय उसकी आवृत्ति, चाल और तरंगदैर्ध्य में क्या परिवर्तन होता है?

Ans
✓ 1. इसकी आवृत्ति स्थिर रहती है, चाल और तरंगदैर्ध्य बढ़ती है।
✗ 2. इसकी आवृत्ति बढ़ती है, चाल समान रहती है और तरंगदैर्ध्य कम हो जाती है।
✗ 3. इसकी आवृत्ति स्थिर रहती है, चाल कम होती है और तरंग दैर्ध्य कम हो जाती है।
✗ 4. इसकी आवृत्ति कम होती है, चाल कम होती है और तरंगदैर्ध्य बढ़ जाती है।

Q.20 A, B, C, M, N और O में से प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए हैं। O और B के बीच में केवल दो व्यक्तियों ने अंक प्राप्त किए हैं। केवल एक व्यक्ति ने M से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। M और O के बीच में केवल तीन व्यक्तियों ने अंक प्राप्त किए हैं। N ने C से अधिक लेकिन A से कम अंक प्राप्त किए हैं। कितने व्यक्तियों ने C से कम अंक प्राप्त किए हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. तीन
✗ 3. दो
✓ 4. एक

Q.21 गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थ पर्यावरण के लिए हानिकारक क्यों हैं?

Ans
✗ 1. जल में कोई प्रदूषण नहीं करते हैं
✓ 2. विघटन के लिए ऊष्मा एवं ताप की आवश्यकता होती है, हानिकारक रसायन छोड़ते हैं
✗ 3. मृदा में आसानी से मिल जाते हैं
✗ 4. बैक्टीरिया द्वारा विघटित हो सकते हैं

Q.22 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

17 30 43 56 69 ?

Ans
✓ 1. 82
✗ 2. 80
✗ 3. 83
✗ 4. 81

Q.23 पूर्वी तटीय मैदानों में बालू के टिब्बों और तट के बीच क्या स्थित है?

Ans
✓ 1. लैगून
✗ 2. पहाड़
✗ 3. डेल्टा
✗ 4. समुद्र तट

Q.24 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 217 का संबंध 115 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 183 का संबंध 81 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 234 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)


Ans
✗ 1. 139
✗ 2. 121
✗ 3. 145
✓ 4. 132

Adda247

Q.25 एक पौधा संग्रहीत अपशिष्ट उत्पादों को निष्कासित करने के लिए अपने पत्ते और छाल गिरा देता है। यह विधि जंतुओं द्वारा अपशिष्ट उत्सर्जित करने की विधि से कैसे अलग है?

Ans
✗ 1. जंतुओं के विपरीत, पौधे अपशिष्ट उत्सर्जित करने के लिए पाचन तंत्र का उपयोग करते हैं।
✓ 2. पौधे उन भागों का उपयोग करते हैं जिन्हें त्यागा जाएगा, जबकि जंतुओं में उत्सर्जन के लिए विशेष अंग होते हैं।
✗ 3. जंतुओं के विपरीत, पौधों में अपशिष्ट उत्सर्जन के लिए एक ही अंग प्रणाली होती है।
✗ 4. जंतुओं के विपरीत, पौधे उत्सर्जन के लिए रक्त परिसंचरण का उपयोग करते हैं।

Q.26 नीचे दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। अलग-अलग वृत खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। (ध्यान दें: आपको दिए गए आकड़ों को सत्य मानना है, भले ही वह समान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।)
ऐसे कितने इंजीनियर हैं, जो राजनेता भी हैं लेकिन चिकित्सक नहीं हैं?




संदर्भ: Engineers - इंजीनियर, Politicians - राजनेता, Doctors - चिकित्सक

Ans
✓ 1. 9
✗ 2. 10
✗ 3. 7
✗ 4. 17

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा, केवल पादप कोशिका में उपस्थित होता है?

Ans
✓ 1. कोशिका भित्ति (Cell wall)
✗ 2. अंतर्द्रव्यी जालिका (Endoplasmic reticulum)
✗ 3. रसधानी (Vacuoles)
✗ 4. केंद्रक (Nucleus)

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से संगत हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है?
(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उस अक्षर-समूह युग्म में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. LD - XF
✗ 2. TM - HP
✗ 3. ZS - NV
✗ 4. WP - KS

Q.29 टॉर्च का बल्ब केवल स्विच चालू करने पर ही क्यों जलता है?

Ans
✗ 1. क्योंकि बल्ब सेल के साथ श्रेणी में जुड़ा हुआ है
✗ 2. क्योंकि बल्ब कार्यात्मक है
✓ 3. क्योंकि स्विच परिपथ को पूर्ण कर देता है, जिससे विद्युत धारा प्रवाहित होने लगती है
✗ 4. क्योंकि बैटरी चार्ज होती है

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.30 आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कौन-सा आर्थिक मॉडल यह वकालत करता है कि विकासशील देशों को मुक्त व्यापार (free trade) के बजाय आयात प्रतिस्थापन को प्राथमिकता देनी चाहिए?

Ans
✗ 1. तुलनात्मक लाभ सिद्धांत
✗ 2. निर्यात आधारित विकास मॉडल
✓ 3. आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण
✗ 4. नवउदारवाद

Q.31 निम्नलिखित समीकरणों से x, y और z का मान ज्ञात कीजिए।
$3x+2y-z=24,\ x-5y+3z=16,\ x+y-3z=21$

Ans
✓ 1. $x=\frac{389}{42}, y=\frac{-97}{21}, z=\frac{-229}{42}$
✗ 2. $x=\frac{-229}{42}, y=\frac{-289}{42}, z=\frac{97}{21}$
✗ 3. $x=\frac{289}{42}, y=\frac{97}{21}, z=\frac{229}{42}$
✗ 4. $x=\frac{-97}{21}, y=\frac{-289}{42}, z=\frac{229}{42}$

Q.32 चेतन के वेतन में पहले 40% की कटौती की गई और उसके बाद उसमें 24% की वृद्धि की गई। उसका अंतिम वेतन उसके प्रारंभिक वेतन की तुलना में कितने प्रतिशत कम है?

Ans
✗ 1. 40%
✓ 2. 25.6%
✗ 3. 9.6%
✗ 4. 24%

Q.33 उस युग्म का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिसका अनुसरण नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चय द्वारा किया जाता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

IIO : JDK
NGR : OBN

Ans
✗ 1. ITX : IOS
✓ 2. ORL : PMH
✗ 3. IQL : IKH
✗ 4. BHW : BCR

Adda247

Q.34 गिरीश ने एक परीक्षा में 664 अंक प्राप्त किए और वह अधिकतम अंकों के 84% से 8 अंक पीछे रह गया। उसी परीक्षा में, उसके मित्र ने 472 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 61%
✗ 2. 56%
✗ 3. 58%
✓ 4. 59%

Q.35 7-अंकों की संख्या 93A562B, 9 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान क्या है?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 7
✓ 3. 2
✗ 4. 5

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.36** निम्नलिखित को सरल कीजिए।

294 ÷ [10 ÷ 5 × {11 + 12 − (8 + 5 − (10 + 1))}]

**Ans**
- ✗ 1. 4
- ✓ 2. 7
- ✗ 3. 2
- ✗ 4. 15

**Q.37** कौन-सा कथन एक विषमांगी मिश्रण का सही वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ 1. इसकी संरचना हमेशा निश्चित और नियत रहती है।
- ✓ 2. इसकी संरचना संपूर्ण मिश्रण में एकसमान नहीं होती है।
- ✗ 3. इसके अवयवों को भौतिक विधियों द्वारा अलग-अलग नहीं किया जा सकता है।
- ✗ 4. इसके कण समान रूप से कण स्तर पर वितरित होते हैं।

**Q.38** निम्नलिखित में से किस यौगिक का सूत्र इकाई द्रव्यमान 100 u है?

**Ans**
- ✗ 1. Na2CO3
- ✗ 2. MgO
- ✓ 3. CaCO3
- ✗ 4. CaCl2

**Q.39** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (नोटः सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 8 9 & 8 $ 5 # @ & # 4 @ 3 ! + ? 4 5 & 8 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से सातवां होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 4
- ✓ 2. 8
- ✗ 3. 5
- ✗ 4. 3

**Q.40** निम्नलिखित में से किस विकल्प में एथेनॉल ($C_2H_5OH$) के एक गुणधर्म का वर्णन नहीं किया गया है?

**Ans**
- ✗ 1. यह सभी अनुपातों में जल में विलेय होता है।
- ✗ 2. यह एक निर्मल, रंगहीन तरल है जिसकी गंध सुखद होती है।
- ✓ 3. यह नीले लिटमस पेपर को लाल कर देता है।
- ✗ 4. यह सोडियम के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस मुक्त करता है।

**Q.41** 100 मीटर की एक दौड़ में, X की चाल 5 m/s और Y की चाल 4 m/s है। दौड़ को बराबरी पर समाप्त करने के लिए, X को Y को कितने मीटर की शुरुआती बढ़त देनी चाहिए?

**Ans**
- ✓ 1. 20
- ✗ 2. 10
- ✗ 3. 15
- ✗ 4. 25

**Q.42** खेड़ा सत्याग्रह आंदोलन के दौरान किन शख्सियतों ने महात्मा गांधी का सक्रिय रूप से समर्थन किया था?

**Ans**
- ✗ 1. राज कुमार शुक्ला और राजेंद्र प्रसाद
- ✗ 2. अंबालाल साराभाई और अनसूया बेन
- ✓ 3. वल्लभभाई पटेल और इंदूलाल याज्ञनिक
- ✗ 4. वल्लभभाई पटेल और राजेंद्र प्रसाद

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

**Q.43** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

116, 121, 131, 146, 166, ?

**Ans**
- ✗ 1. 195
- ✗ 2. 189
- ✓ 3. 191
- ✗ 4. 193

**Q.44** दिए गए आकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए (दशमलव के दो स्थानों तक सही)।

| वर्ग अंतराल | 0-6 | 6-12 | 12-18 | 18-24 | 24-30 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 8 | 7 | 5 | 9 | 4 |

**Ans**
- ✗ 1. 21.36
- ✓ 2. 20.67
- ✗ 3. 22.45
- ✗ 4. 19.24

**Q.45** यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8-21×3÷75+13=?

**Ans**
- ✗ 1. 119
- ✓ 2. 118
- ✗ 3. 128
- ✗ 4. 120

**Q.46** इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतिकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूटों और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का इस्तेमाल करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूट का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्याओं/प्रतिकों के लिए कूट का सीधे तालिका में दिए गए कूट के अनुसार अनुसरण किया जाना है।

| संख्याएं/प्रतिक | 2 | @ | 5 | 8 | $ | 9 | & | % | # | 6 | + | 7 | 3 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | P | T | F | J | W | A | E | R | D | Q | S | B | U | L |

शर्तें

यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के लिए कूट का आदान-प्रदान किया जाना है।

यदि पहला अवयव एक सम संख्या है और अंतिम अवयव विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को $ के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

यदि दूसरे और तीसरे दोनों अवयव पूर्ण घन हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के लिए कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित संख्याओं/प्रतीकों के समूह के लिए कूट क्या है?

28%5

**Ans**
- ✗ 1. PRJF
- ✓ 2. $JR$
- ✗ 3. PJRF
- ✗ 4. $RJ$

**Q.47** परिकेंद्रकी दिक्स्थान कहाँ होता है?

**Ans**
- ✗ 1. केंद्रक के अंदर
- ✗ 2. केंद्रिक के भीतर
- ✗ 3. केंद्रक के बाहर
- ✓ 4. केंद्रकीय आवरण की दो परतों के मध्य

| | | |
|---|---|---|
| Q.48 | नीचे दिए गए कथनों में से त्रिभुजों के बारे में सही कथन चुनिए:<br><br>A. 9 cm, 13 cm, 3 cm भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना की जा सकती है।<br>B. ΔPQR में, यदि ∠P =50°, ∠Q = 30° है, तो QR त्रिभुज की सबसे लंबी भुजा है।<br>C. 6 cm भुजा वाले एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $18\sqrt{3}$ $cm^2$ है।<br>D. ΔDEF और ΔPQR में, ∠D = ∠P, ∠E = ∠Q और DF = PR है। तो ΔDEF, ΔPQR के सर्वांगसम है। | |
| Ans | ✔ 1. केवल D<br>✘ 2. केवल A<br>✘ 3. केवल A, B, C<br>✘ 4. केवल B, C, D | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.49 | ब्रौलर (broilers) के लिए कुक्कुट आहार में विटामिन A और K की मात्रा को अधिक बनाए रखना क्यों महत्वपूर्ण है? | |
| Ans | ✘ 1. ठंड के मौसम के प्रति उनकी सहनशीलता बढ़ाने के लिए।<br>✘ 2. अंडों के आकार को कम करने के लिए।<br>✘ 3. ब्रौलर को बाह्य परजीवी प्रतिरोधी बनाने के लिए।<br>✔ 4. स्वस्थ वृद्धि और विकास के लिए उचित पोषण सुनिश्चित करने के लिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.50 | एक बेलनाकार पात्र में 154 लीटर जल भरा हुआ है। यदि इसके आधार की त्रिज्या 14 cm है, तो पात्र में जल स्तंभ की ऊँचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।<br>($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए) | |
| Ans | ✔ 1. 250 cm<br>✘ 2. 275 cm<br>✘ 3. 240 cm<br>✘ 4. 260 cm | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.51 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है 'A, B की बेटी है'<br>A – B का अर्थ है 'A, B का भाई है'<br>A x B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'<br>A ÷ B का अर्थ है 'A, B का पिता है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E+F÷G–HxK' है, तो E का K से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✘ 1. माँ<br>✘ 2. पत्नी की माँ<br>✔ 3. पत्नी की बहन<br>✘ 4. बहन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.52 | एक बेईमान विक्रेता यह दावा करता है कि वह वस्तुओं को उनके क्रय मूल्य पर बेच रहा है। परंतु, वह 1000 ग्राम के स्थान पर केवल 902 ग्राम वजन तोलता है। उसका लाभ प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✘ 1. 6.51%<br>✔ 2. 10.86%<br>✘ 3. 12.08%<br>✘ 4. 11.82% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.53 | निम्न में से कौन-सा जल निकायों में अजैव-निम्नीकरणीय पदार्थों का प्रभाव है? | |
| Ans | ✔ 1. नालियों का अवरुद्ध होना और जलीय जीवों को नुकसान पहुँचना<br>✘ 2. मछलियों को पोषण प्रदान करना<br>✘ 3. जल का पोषक तत्वों से समृद्ध होना<br>✘ 4. पौधों की वृद्धि में सहायता करना | |

Adda247

**Q.54** गोविंद बिन्दु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 5 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 5 km गाड़ी चलाता है, पुनः बाएँ मुड़कर 12 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएँ मुड़कर 11 km गाड़ी चलाता है। अंततः वह बाएँ मुड़कर 7 km गाड़ी चलाता है और बिन्दु P पर रुक जाता है। बिन्दु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. पश्चिम की ओर 5 km
- ✓ 2. पूर्व की ओर 6 km
- ✗ 3. पूर्व की ओर 5 km
- ✗ 4. पश्चिम की ओर 6 km

**Q.55** कौन-सा नियम चुंबकीय क्षेत्र में धारावाही चालक पर कार्य करने वाले बल की दिशा को निर्धारित करने में सहायता करता है?

Ans
- ✗ 1. फैराडे का नियम
- ✗ 2. दाएं हाथ का नियम
- ✓ 3. फ्लेमिंग के बाएं हाथ का नियम
- ✗ 4. एम्पीयर का नियम

**Q.56** 15 के प्रथम 18 धनात्मक गुणजों का औसत क्या है?

Ans
- ✗ 1. 18
- ✓ 2. 142.5
- ✗ 3. 15
- ✗ 4. 135

**Q.57** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

कथन: कुछ कूड़ेदान, बिल्लियाँ हैं। कोई बिल्ली, हिरण नहीं है। कोई बिल्ली, पेड़ नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई कूड़ेदान, हिरण नहीं है।
(II): कुछ पेड़, हिरण हैं।

Ans
- ✓ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.58** हरी खाद द्वारा मिट्टी में मुख्य रूप से कौन-से दो अवयव (elements) मिलाए जाते हैं?

Ans
- ✓ 1. नाइट्रोजन और फॉस्फोरस
- ✗ 2. नाइट्रोजन और पोटेशियम
- ✗ 3. पोटेशियम और मैग्नीशियम
- ✗ 4. फॉस्फोरस और कैल्शियम

**Q.59** निम्नलिखित में से कौन-सा एशिया के सबसे बड़े पशु मेलों में से एक है, जो दो विशाल नदियों — गंगा और गंडक के संगम पर आयोजित किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. त्रिशूर पूरम
- ✗ 2. सूरज कुंड शिल्प मेला
- ✓ 3. सोनपुर मेला
- ✗ 4. फ्लेमिंगो महोत्सव

Adda247

Q.60 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

MUG TOP ACE GAS

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, दाईं ओर से पहले शब्द के दूसरे अक्षर और बाईं ओर से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ 1. 22
- ✓ 2. 19
- ✗ 3. 18
- ✗ 4. 20

Q.61 यदि $(5x+1)^3+(x+3)^3+8(3x-4)^3=6(5x+1)(x+3)(3x-4)$, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{1}{4}$
- ✓ 2. $\frac{1}{3}$
- ✗ 3. $\frac{1}{2}$
- ✗ 4. $\frac{2}{3}$

Q.62 C, D, E, F, X, Y और Z में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिनों में है।
Z से पहले किसी की परीक्षा नहीं है। Z और F के बीच में केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। F और X के बीच में केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। Y की परीक्षा बुधवार को है। D की परीक्षा E के बाद के किसी एक दिन है, लेकिन C से पहले किसी एक दिन है।
D की परीक्षा सप्ताह के किस दिन है?

Ans
- ✗ 1. शुक्रवार
- ✓ 2. गुरुवार
- ✗ 3. मंगलवार
- ✗ 4. बुधवार

Q.63 एक स्टोर सभी वस्तुओं पर 16% की व्यापारिक छूट प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, कुछ विशिष्ट वस्तुओं पर "चार खरीदें, एक मुफ्त पाएं" योजना भी उपलब्ध है। यदि एक ग्राहक ₹700 प्रति वस्तु के अंकित मूल्य वाली पांच वस्तुएं खरीदता है और उन पर "चार खरीदें, एक मुफ्त पाएं" योजना लागू होती है, तो पांच वस्तुओं के लिए ग्राहक को कुल कितनी रियायती धनराशि का भुगतान करना होगा?

Ans
- ✗ 1. ₹2305
- ✗ 2. ₹2336
- ✗ 3. ₹2378
- ✓ 4. ₹2352

Q.64 दो आदमी A और B, 1300 मीटर परिधि वाले एक वृत्त के चारों ओर चलते हैं। A, 150 मीटर प्रति मिनट की चाल से और B, 80 मीटर प्रति मिनट की चाल से चलता है। यदि वे दोनों एक ही समय पर एक ही बिन्दु से चलना शुरू करते हैं और एक ही दिशा में चलते हैं, तो कितने समय बाद वे एक-दूसरे से मिलेंगे?

Ans
- ✗ 1. $17\frac{8}{7}$ मिनट
- ✗ 2. $16\frac{5}{7}$ मिनट
- ✗ 3. $15\frac{4}{7}$ मिनट
- ✓ 4. $18\frac{4}{7}$ मिनट

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.65 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

HUL 19 , MZQ 36, REV 53, WJA 70 , ?

Ans
1. BMF 90
2. BNE 88
3. BOF 87 ✔
4. CMD 80

Q.66 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और आगे आने वाले प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएँ) L 8 * Q 3 $ M ^ Y 7 & T 2 % R $ F 6 # P @ N 9 ! K 4 @ Z ^ W (दाएँ)

यदि सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएँ से सातवें स्थान पर होगा?

Ans
1. F
2. 6
3. P ✔
4. N

Q.67 सात व्यक्ति, A, L, M, I, R, H और S एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।
A के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R के दाईं ओर केवल H बैठा है। R और L के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M, I के बाईं ओर परंतु S के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
S और I के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. एक
2. तीन ✔
3. दो
4. चार

Q.68 एक खुले घनाभाकार (cuboidal) टैंक, जिसकी आंतरिक लंबाई, आंतरिक चौड़ाई और आंतरिक ऊंचाई क्रमशः 3 m, 11 m, और 9 m है, का आंतरिक पृष्ठीय क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 314
2. 303
3. 295
4. 285 ✔

Q.69 जब एक अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र (C) पर एक बिंब रखा जाता है, तो बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति क्या होगी?

Ans
1. अभिवर्धित और उल्टा
2. आभासी और सीधा
3. वास्तविक और उल्टा ✔
4. अत्यधिक छोटा, बिंदु के साइज़ का

Q.70 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

94, 375
115, 396

Ans
1. 81, 364
2. 76, 358
3. 107, 389
4. 72, 353 ✔

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.71 20 पुस्तकों का विक्रय मूल्य, 31 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 55% हानि
✗ 2. $\frac{100}{11}\%$ हानि
✗ 3. $\frac{100}{11}\%$ लाभ
✓ 4. 55% लाभ

Q.72 कौन-सा परिवर्तन, अपमार्जक विलयन में मिसेल (micelle) निर्माण को प्रवर्धित करेगा?

Ans
✗ 1. क्रांतिक मिसेल सांद्रता (CMC) से नीचे अपमार्जक सांद्रण कम करना
✓ 2. क्रांतिक मिसेल सांद्रता (CMC) से ऊपर अपमार्जक सांद्रण बढ़ाना
✗ 3. विलयन को तनु करने के लिए अतिरिक्त जल मिलाना
✗ 4. तापमान को क्राफ्ट पॉइंट से नीचे कम करना

Q.73 एक तकनीशियन को घरेलू परिपथ में एक नया उपकरण इस प्रकार जोड़ना है कि उसे पूर्ण वोल्टेज मिले और वह स्वतंत्र रूप से कार्य कर सके। तकनीशियन को क्या करना चाहिए?

Ans
✓ 1. उपकरण को मौजूदा उपकरणों के साथ समांतर क्रम में संयोजित करें।
✗ 2. उपकरण को केवल भूसंपर्क तार से ही संयोजित करें।
✗ 3. उपकरण को मौजूदा उपकरणों के साथ श्रेणी क्रम में संयोजित करें।
✗ 4. विद्युत परिपथ में उपकरण को केवल उदासीन तार से ही संयोजित करें।

Q.74 9 एक समान डिब्बों का सयुंक्त रूप से वजन 72 kg है। कुल वजन को 168 kg बनाने के लिए इसी तरह के कितने डिब्बों की आवश्यकता होगी?

Ans
✗ 1. 18
✗ 2. 20
✓ 3. 21
✗ 4. 24

Q.75 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 506 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या कौन-सी है?

Ans
✗ 1. 17
✗ 2. 18
✓ 3. 23
✗ 4. 21

Q.76 दादाभाई नौरोजी के धन अपवाह के सिद्धांत (Drain of Wealth theory) के अनुसार, ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत के शोषण को समाप्त करने के लिए किस प्रमुख आर्थिक मुद्दे का समाधान करना आवश्यक था?

Ans
✗ 1. किसानों पर लगाया गया अत्यधिक भू-राजस्व
✗ 2. औपनिवेशिक प्रधिकारियों द्वारा धार्मिक भेदभाव
✗ 3. भारतीयों के लिए सीमित प्रशासनिक भागीदारी
✓ 4. भारत और ब्रिटेन के बीच असमान आर्थिक विनिमय

Q.77 भारत सरकार द्वारा पेश किए गए राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2024 के मसौदे का उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ 1. सभी खेल निर्णयों को एक प्राधिकरण के तहत केंद्रीकृत करना।
✗ 2. राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पारंपरिक खेलों को समाप्त करना।
✓ 3. खेल संघों में नैतिक शासन और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए एक ढांचा तैयार करना।
✗ 4. शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खेलों के व्यावसायीकरण को बढ़ाना।

Q.78 मैग्नीशियम फीता (Magnesium ribbon) ________ के साथ जलता है।

Ans
- ✗ 1. एक नीली अप्रदीप्त लौ
- ✗ 2. बिना किसी दृश्यमान लौ
- ✓ 3. एक चमकीली सफेद लौ
- ✗ 4. एक पीली प्रदीप्त लौ

Q.79 यदि बल लगाए जाने के बावजूद विस्थापन शून्य हो जाता है तो किए गए कार्य का क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. किए गए कार्य में वृद्धि होगी।
- ✗ 2. किए गए कार्य मे कमी होगी।
- ✗ 3. किया गया कार्य नियत रहेगा।
- ✓ 4. किया गया कार्य शून्य होगा।

Q.80 वर्ष 2025–2027 के कार्यकाल के लिए 'सेंटर ऑफ फिल्म्स फॉर चिल्ड्रेन एंड यंग पीपल' (Centre of Films for Children and Young People - CIFEJ) के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया है?

Ans
- ✗ 1. लोकेश कनगराज
- ✓ 2. जितेंद्र मिश्रा
- ✗ 3. एस. एस. राजामौली
- ✗ 4. ओम राउत

Q.81 P, W का भाई है। W, R का पिता है। T, J का पिता है। J, R का पुत्र है। J का P से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. भाई की पुत्री का पति
- ✗ 2. पुत्री का पति
- ✓ 3. भाई की पुत्री का पुत्र
- ✗ 4. पुत्री का पुत्र

Q.82 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको निर्णय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर का निर्णय लें।
Af, Bg, Cq, Dy और En एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। Bg के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(I) Af, En के ठीक दाईं ओर बैठा है। Dy और En का निकटतम पड़ोसी Cq है।
(II) Dy, Bg के ठीक दाईं ओर बैठा है। En, Bg के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

Ans
- ✗ 1. कथन I और II दोनों एकसाथ (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✗ 2. कथन I और II में दी गई जानकारी एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
- ✗ 3. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✓ 4. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.83 मेथेन (Methane) सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करके क्लोरोमेथेन और हाइड्रोजन क्लोराइड बनाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
कथन I: एक समय में केवल एक क्लोरीन परमाणु प्रतिस्थापित कर सकता है।
कथन II: अभिक्रिया, प्रतिस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण है।
कथन III: यदि अभिक्रिया जारी रहती है तो बहुप्रतिस्थापन हो सकता है।

Ans
- ✗ 1. केवल I और III सत्य हैं
- ✗ 2. केवल II और III सत्य हैं
- ✓ 3. I, II और III सत्य हैं
- ✗ 4. केवल I और II सत्य हैं

Q.84 दुधारू पशुओं के बाड़े में ढलवादार फर्श और उनके आहार में संतुलित आहार प्रदान करना क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ 1. रोगों को रोकने और स्वास्थ्य और दूध उत्पादन में सहयोग प्रदान करने हेतु।
- ✗ 2. परजीवियों से बचाने और फाइबर की मात्रा बढ़ाने हेतु।
- ✗ 3. पशुओं के बाड़े को सूखा रखने और साफ-सफाई को सुगम बनाने और मोटे चारे के सेवन को कम करने हेतु।
- ✓ 4. बाड़े को सूखा रखने और साफ-सफाई को सुगम बनाने, तथा पशु स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन को सहयोग प्रदान करने हेतु।

**Q.85** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राज्य सभा की शक्तियों को लोक सभा से सही ढंग से पृथक (विभेदित) करता है?

**Ans**
- ✗ 1. राज्यसभा के पास सभी वित्तीय मामलों में लोकसभा के समान शक्ति है।
- ✗ 2. राज्यसभा मंत्रिपरिषद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकती है।
- ✓ 3. राज्य सभा राज्य सूची के विषयों पर संसद को कानून बनाने हेतु अधिकृत कर सकती है।
- ✗ 4. राज्यसभा धन विधेयकों में संशोधन कर सकती है।

**Q.86** ठोसों को कठोर प्रकृति के रूप में क्यों वर्णित किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. इनके कण दुर्बल पारस्परिक आकर्षण के साथ स्वतंत्र रूप से गति करते रहते हैं।
- ✗ 2. बाहरी बल आरोपित होने पर इनके कण आसानी से फिसल जाते हैं।
- ✓ 3. इनके कण प्रबल आकर्षण बल के साथ आपस में कसकर बंधे हुए होते हैं।
- ✗ 4. इनके कणों का द्रव्यमान और आयतन बहुत कम होता है।

**Q.87** एक बटुए में सोने, चाँदी और काँसे के टोकन हैं। इसमें सोने और चाँदी के टोकनों का अनुपात 5 : 17 था, जबकि काँसे और सोने के टोकनों का अनुपात 18 : 19 था। काँसे और चाँदी के टोकनों का अनुपात क्या था?

**Ans**
- ✓ 1. 90:323
- ✗ 2. 93:327
- ✗ 3. 98:328
- ✗ 4. 95:330

**Q.88** निम्नलिखित में से किसके द्वारा दक्कन का पठार, छोटा नागपुर पठार से अलग होता है?

**Ans**
- ✗ 1. पश्चिमी घाट (Western Ghats)
- ✓ 2. विंध्य पर्वतमाला (Vindhya Range)
- ✗ 3. महानदी बेसिन (Mahanadi Basin)
- ✗ 4. अरावली पहाड़ियाँ (Aravalli Hills)

**Q.89** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(2,9,17)
(11,16,60)

**Ans**
- ✗ 1. (11,8,12)
- ✗ 2. (3,2,34)
- ✗ 3. (9,12,8)
- ✓ 4. (6,17,41)

**Q.90** अनिरुद्ध और ब्रह्माजी को एक दीवार बनाने का काम सौंपा गया है। अनिरुद्ध अकेले इस काम को 60 घंटे में पूरा कर सकता है, जबकि ब्रह्माजी (की कार्यक्षमता) तीन गुना तेज है। काम इस प्रकार चलता है: पहले घंटे अनिरुद्ध काम करता है, दूसरे घंटे ब्रह्माजी काम करते हैं, और तीसरे घंटे दोनों साथ मिलकर काम करते हैं। यदि वे इसी क्रम में काम जारी रखते हैं, तो दीवार पूरी होने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✓ 1. 23 घंटे
- ✗ 2. 22.5 घंटे
- ✗ 3. 21.5 घंटे
- ✗ 4. 7.5 घंटे

Q.91 किसी देश की वर्तमान जनसंख्या 10 करोड़ है और अगले तीन वर्षों में इसके 17.28 करोड़ तक बढ़ने की संभावना है। मृत्यु दर को नगण्य (ध्यान न देते हुए) मानते हुए, जनसंख्या वृद्धि की एकसमान वार्षिक प्रतिशत दर क्या है?

Ans
✗ 1. 10
✗ 2. 11
✓ 3. 20
✗ 4. 12

Q.92 एक पूरी यात्रा के दौरान, जिसमें एक व्यक्ति किसी स्थान पर 5 km/h की चाल से जाता है और 3 km/h की चाल से वापस आता है, औसत चाल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ 1. औसत चाल 5 km/h और 3 km/h के समांतर माध्य के बराबर होगी।
✗ 2. औसत चाल 5 km/h होगी।
✓ 3. औसत चाल 5 km/h और 3 km/h के समांतर माध्य से कम होगी।
✗ 4. औसत चाल 3 km/h होगी।

Q.93 यदि कोई बिंदु किसी गोलीय दर्पण के मुख्य अक्ष के नीचे स्थित है, तो गोलीय दर्पणों के लिए चिह्न परिपाटी (sign convention) के अनुसार इसकी लंबवत दूरी को कौन-सा चिह्न निर्दिष्ट किया जाता है?

Ans
✗ 1. दर्पण के प्रकार पर निर्भर करता है
✓ 2. ऋणात्मक
✗ 3. धनात्मक
✗ 4. शून्य

Q.94 वित्त वर्ष 26 के लिए 'खेलो इंडिया' (खेल विकास का राष्ट्रीय कार्यक्रम) को कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

Ans
✓ 1. ₹1,000 करोड़
✗ 2. ₹1,400 करोड़
✗ 3. ₹1,600 करोड़
✗ 4. ₹1,200 करोड़

Q.95 आर्थिक विकास में तेजी आने के बाद विकास के सामाजिक संकेतकों में सुधार हुआ। 1991 के बाद निम्नलिखित में से किस संकेतक में सबसे अधिक सतत सुधार देखा गया है?

Ans
✗ 1. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
✓ 2. मातृ मृत्यु दर
✗ 3. राजकोषीय घाटा
✗ 4. गिनी गुणांक

Q.96 किरण ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए एक बैंक से ₹4,40,000 की राशि उधार ली। 7% वार्षिक की दर से 2 वर्ष पश्चात, वह कितने साधारण ब्याज (₹ में) का भुगतान करेगा?

Ans
✗ 1. 60600
✗ 2. 63600
✗ 3. 62600
✓ 4. 61600

Q.97 फरवरी 2025 में, केंद्रीय विदेश मंत्री और 61 देशों के मिशन प्रमुखों ने भारत के किस राज्य में स्थित काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया?

Ans
✓ 1. असम
✗ 2. अरुणाचल प्रदेश
✗ 3. मणिपुर
✗ 4. नागालैंड

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.98 | नीचे सूचीबद्ध कौन-सी धातु तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में मिलाए जाने पर सबसे प्रबल अभिक्रिया प्रदर्शित करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. लोहा<br>✓ 2. मैग्नीशियम<br>✗ 3. ज़िंक<br>✗ 4. कॉपर |

| Q.99 | भारत की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट कुश के अंतर्गत कौन-सी मिसाइल प्रणाली विकसित की जा रही है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. विस्तारित रेंज वायु रक्षा प्रणाली<br>✗ 2. एम. आई. सी. ए.<br>✗ 3. S-400<br>✗ 4. ब्रह्मोस |

| Q.100 | बेल-जार प्रयोग में पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग क्यों किया जाता है, जिसमें प्रकाश संश्लेषण शामिल है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. जलोत्सर्जन के लिए<br>✗ 2. सूर्य का प्रकाश प्रदान करने के लिए<br>✗ 3. ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए<br>✓ 4. कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने के लिए |

"

Adda247